पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले विलियम हैग

लखनऊः 19 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में श्री विलियम हैग ने शिष्टाचारिक भेंट की। श्री विलियम हैग उत्तर प्रदेश (तत्कालीन युनाईडेट प्रोविन्स) के पूर्व राज्यपाल सर हैरी ग्राहम हैग (6.12.1934 से 6.12.1939) के प्रपौत्र हैं। भेंट में राज्यपाल ने श्री विलियम हैग को राजभवन के बारे में बताया तथा उनके परदादा सर हैरी ग्राहम हैग का चित्र भी दिखाया।

श्री विलियम हैग आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में विधि के छात्र हैं तथा भारत में पर्यटक के रूप में आये हैं। वे लखनऊ सहित आगरा, नैनीताल, शिमला आदि का भी भ्रमण करेंगे। उन्होंने पूर्व राज्यपाल सर हैरी हैग के पुराने चित्र व राजभवन की भी तस्वीरें राज्यपाल श्री राम नाईक को दिखाई।

राज्यपाल ने इस अवसर पर श्री विलियम हैग को पुस्तक 'बर्ड्स आफ उत्तर प्रदेश' तथा 'बर्ड्स आफ राजभवन उत्तर प्रदेश' की प्रति भी भेंट की। श्री विलियम हेग ने राजभवन का भ्रमण भी किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (251/21)

Birds
Uttar Pradesh

An Initiative of Indian Bird Conservation Network
उत्तर प्रदेश
राज भवन के पक्षी
BIRDS of
Raj Bhavan
UTTAR PRADESH
Uttar Pradesh